(उपदंशस्तृतीयायाम् [अ० ३ । ४ । ४७ ॥]) । यहां से ले के जो उपपद हैं वे अम् अव्यय के साथ वि० समास को प्राप्त हों सो तत्पुरुष समास हो । मूलकोपदंशं भुङ्क्ते । मूलकेनोपदंशं भुङ्क्ते । उच्चैःकारं समाचष्टे । उच्चैःकारेण वा । अमैवेत्येव । पर्य्याप्तो भोक्तुम् । प्रभुर्भोक्तुम् । समर्थो भोक्तुम् । [यहां] पर्य्याप्तिवचनेष्वलमर्थेषु[1] ॥ अ० ३ । ४ । ६६ ॥ इससे तुमुन् प्रत्यय हुआ और तुमुन् प्रत्ययान्त के साथ समर्थ उपपद का विकल्प करके समास न हुआ] ।

१६६–क्त्वा च[2] ॥ अ० २ । २ । २२ ॥

तृतीया प्रभृति शब्द क्त्वा प्रत्यय के साथ समास को प्राप्त वि० हों । [सो समास तत्पुरुष हो] । उच्चैःकृत्य । उच्चैःकृत्वा ।

१६७–[3] शेषो बहुव्रीहिः ॥ अ० २ । २ । २३ ॥

शेष अर्थात् उक्त समासों को छोड़ के जो आगे समास कथन

---

१. [यहां गत संस्करणों में एक बड़ी अशुद्धि छप रही थी उसे अब शुद्ध कर दिया गया है] ॥ सं० ॥

२. पूर्वसूत्र में अमन्त की अनुवृत्ति आने से अन्यत्र समास नहीं पाता था, इसलिये यह सूत्र है । इसमें तृतीयाप्रभृति ग्रहण इसलिये है कि 'अलं भुक्त्वा ।' 'खलूक्त्वा' यहां समास के न होने से ल्यप् भी न हुआ ।
अष्टा० भा० भा० १ पृ० २५१ ॥

३. यहां तक कुगति और प्रादि प्रयुक्त तत्पुरुष समास आया, इसके आगे बहुव्रीहि का अधिकार चला है ।

करते हैं सो बहुव्रीहि है[1]। यह अधिकार सूत्र भी है।

१९८–अनेकमन्यपदार्थे ॥ अ० २।२।२४ ॥

जो अन्य पद के अर्थ में वर्त्तमान अनेक सुबन्त सो सुबन्त के सङ्ग समास को प्राप्त हो, उसको बहुव्रीहि जानो।[2] विशाले नेत्रे यस्य स 'विशालनेत्रः।' बहु धनं यस्य स 'बहुधनो' 'बहुधनको' वा पुरुषः। एक प्रथमा विभक्ति के अर्थ को छोड़ कर सब विभक्ति के अर्थों में बहुव्रीहि समास होता है। प्राप्तमुदकं यं ग्रामं स 'प्राप्तोदको ग्रामः'। ऊढो रथो येन स 'ऊढरथोऽनड्वान्'। उपहृतमुदकं यस्मै स 'उपहृतोदकोऽतिथिः'। उद्धृत ओदनो यस्याः सा 'उद्धृतौदना स्थाली।' अच् अन्तो यस्य स 'अजन्तो धातुः।' वीराः पुरुषा यस्मिन् ग्रामे स 'वीरपुरुष [वीरपुरुषको वा] ग्रामः।' परन्तु प्रथमा के अर्थ में नहीं होता है। वृष्टे मेघे गतः। अनेकग्रहणं किम्? बहुनामपि यथा स्यात्। सुसूक्ष्मजटकेशः। इत्यादि।

१९९–वा०—बहुव्रीहिः समानाधिकरणानामिति वक्तव्यम् ॥

[समानाधिकरण शब्दों का बहुव्रीहि समास होना चाहिये]। व्यधिकरणानां मा भूत्। पञ्चभिर्भुक्तमस्य। [यहां विभक्तिभेद होने से समास नहीं हुआ]।

---

१. "यस्य त्रिकस्यानुक्तः समासः स शेषः। कस्य चानुक्तः? प्रथमायाः॥" महाभाष्य २।२।१॥

२. इस बहुव्रीहि समास के विग्रह में प्रथमा और अन्यपदार्थ में द्वितीया आदि विभक्तियों के प्रयोग होते हैं। जैसे नेत्र शब्द प्रथमा और यत् शब्द से षष्ठी हुई है। वैसे सर्वत्र समझो।

२००–वा०––अव्ययानां च बहुव्रीहिर्वक्तव्यः[1] ।।

[अव्ययों का अन्य शब्दों के साथ बहुव्रीहि समास हो]। उच्चैर्मुखः । नीचैर्मुखः ।

२०१–वा०––सप्तम्युपमानपूर्वपदस्योत्तरपदलोपश्च ।।

[सप्तमी विभक्ति जिसके पूर्व और उपमानवाची शब्द जिसके पूर्व हो उस पद का समास अन्य पद के साथ हो और उत्तर पद का लोप हो जावे]। कण्ठे स्थितः कालो यस्य=कण्ठेकालः । उरसिलोमा । उष्ट्रस्य मुखमिव मुखं यस्य=स उष्ट्रमुखः । खरमुखः ।

२०२–वा०––समुदायविकारषष्ठ्याश्चबहुव्रीहिरुत्तरपदलोपश्चेति वक्तव्यम् ।।

[समुदाय अवयव के सम्बन्ध और प्रकृतिविकार के सम्बन्ध में जो षष्ठी उससे परे जो उत्तरपद उसका लोप और अन्य शब्दों के साथ बहुव्रीहि समास होता है]। केशानां संघातः=केशसंघातः, केशसंघातश्चूडाऽस्य=स केशचूडः [यहां समाहार उत्तरपद का लोप] । सुवर्णविकारोऽलङ्कारोऽस्य=स सुवर्णाऽलङ्कारः [यहां विकार उत्तरपद का लोप]।

२०३–वा०–प्रादिभ्यो धातुजस्योत्तरपदलोपश्च वा बहुव्रीहिर्वक्तव्यः ।।

[प्रादि उपसर्गों से परे जो धातुज उत्तरपद, उसका विकल्प से लोप और [नित्य] बहुव्रीहि समास हो]। प्रपतितं पर्णमस्य=

१. [यहां 'उच्चैः, नीचैः' अव्ययों के अधिकरण प्रधान होने से सामानाधिकरण्य नहीं, इससे समास नहीं पाता है इसलिये यह वार्त्तिक कहा ।]

प्रपर्णः, [प्रपतितपर्णः] । प्रपतितं पलाशमस्य=प्रपलाशः, [प्रपतितपलाशः] ।

२०४–वा०––नञोऽस्त्यर्थानां बहुव्रीहिर्वा चोत्तरपदलोपश्च वक्तव्यः ।।

[नञ् से परे जो अस्त्यर्थ उत्तरपद, उनका विकल्प करके लोप और [नित्य] बहुव्रीहि समास हो] । अविद्यमानः पुत्रो यस्य सोऽपुत्रः, [अविद्यमानपुत्रः] । अविद्यमाना भार्य्या यस्य सोऽभार्यः, अविद्यमानभार्य्यः ।

२०५–वा०––सुबधिकारेऽस्तिक्षीरादीनां बहुव्रीहिर्वक्तव्यः[1] ।।

[इस सुबन्तों के समास के अधिकार में अस्तिक्षीरा आदि शब्दों का भी समास हो] । [अस्तिक्षीरमस्याः]=अस्तिक्षीरा ब्राह्मणी । अस्त्यादयो निपाताः ।

२०६–स्त्रियाः पुंवद्भाषितपुंस्कादनूङ् समानाधिकरणे स्त्रियामपूरणीप्रियादिषु ।। अ० ६ । ३ । ३४ ।।

भाषितः पुमान् येन स भाषितपुंस्कः तस्माम् । भाषितपुँल्लिङ्ग से परे ऊङ् वर्जित जो स्त्री शब्द उसको पुंवत् हो अर्थात् उसका पुँल्लिङ्ग के सदृश रूप होता है, समानाधिकरण स्त्रीलिङ्ग वाची उत्तरपद परे हो तो; परन्तु पूरणी तथा प्रियादि को छोड़ के । दर्शनीया भार्या यस्य=स दर्शनीयभार्यः । रूपवद्भार्यः । श्लक्ष्णचूडः । पूर्णा विद्या यस्याः=सा पूर्णविद्या । विदिता नीतिर्यया=सा

---

१. यहां अस्ति-शब्द क्रियावाची तिङन्त है । इससे समास नहीं पाता था, क्योंकि सुबन्तों का समास सुबन्तों के साथ होता है, इसलिये यह वार्त्तिक है । अष्टा० भा० भा० १ पृ० २५४ ।

विदितनीतिः। सुशिक्षिता वाणी यस्याः=सा सुशिक्षितवाणी। स्त्रिया इति किम् ? ग्रामणि ब्राह्मणकुलं दृष्टिरस्य=ग्रामणिदृष्टिः। भाषितपुंस्कादिति किम् ? खट्वाभार्यः। अनूङिति किम्। ब्रह्मबन्धूभार्यः। समानाधिकरण इति किम् ? कल्याण्या माता=कल्याणीमाता। स्त्रियामिति किम्। कल्याणीप्रधानमेषां कल्याणीप्रधाना इमे। अपूरणीति किम् ? कल्याणी पञ्चमी यासां [रात्रीणाम्]= ताः कल्याणीपञ्चमा रात्रयः [रात्रयोऽत्र प्रधानम्]। कल्याणीदशमाः।

२०७–वा०–[पूरण्यां] प्रधानपूरणीग्रहणं कर्त्तव्यम् ॥

[यहां जो पूरणी का प्रतिषेध कहा है वह प्रधान पूरणी का जानना चाहिये।] इह माभूत्। कल्याणपञ्चमीकः पक्ष इति [यहां पुंवद्भाव हो गया]। अप्रियादिष्विति किम् ? कल्याणीप्रियः।

२०८–दिङ् नामान्यन्तराले ॥ अ० २। २। २६ ॥

जो अन्तराल अर्थ में दिक् नाम [वाची][1] सुबन्त शब्द, बन्त के साथ समास को प्राप्त हों सो बहुव्रीहि समास है। मध्य कोण को अन्तराल कहते हैं। दक्षिणस्याश्च पूर्वस्याश्च दिशोर्यदन्तरालं दिक् सा=दक्षिणपूर्वा दिक्। पूर्वोत्तरा। उत्तरपश्चिमा। पश्चिमदक्षिणा[2]।

---

१. इस सूत्र में नाम ग्रहण रूढि अर्थ में है। अर्थात् लोक में जो प्रसिद्ध दिग्वाची शब्द हैं, उन्हीं का इससे ग्रहण होता है। इसलिये 'ऐन्द्र्याश्च कौबेर्याश्च दिशोर्यदन्तरालम्' यहां पर समास न हुआ। क्योंकि ये रूढि नहीं अपि तु यौगिक हैं। इन्द्रस्येयमैन्द्री कुबेरस्येयं कौबेरी ॥ इति न्यासः ॥

२. सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भावो वक्तव्यः ॥ इस वार्त्तिक से समास मात्र में सर्वनामवाची पूर्वपद को पुंवद्भाव हो जाता है। जैसे—पश्चिमस्याश्च दक्षिणस्याश्चान्तराला दिक=''पश्चिमदक्षिणा'' इत्यादि ॥ सं० ॥

२०९–संख्ययाव्ययासन्नादूराधिकसङ्ख्याः संख्येये ॥

अ० २ । २ । २५ ॥

जो संख्येय में वर्तमान अव्यय, आसन्न, अदूर, अधिक और सङ्ख्या, सुबन्त के साथ समास पावे वह समास बहुव्रीहि हो[1]। (अव्यय) दशानां समीपे उपदशाः । उपविंशाः । [आसन्न] आसन्नदशाः । [अदूर] अदूरग्रामा वृक्षाः । [अधिक] अधिकविंशाः[2]। (संख्या) द्वौ वा त्रयो वा द्वित्राः । त्रिचतुराः । द्विदशाः । संख्ययेति किम् ? पञ्च ब्राह्मणाः । अव्ययासन्नादूराधिकसंख्या इति किम् ? ब्राह्मणाः पञ्च । संख्येय इति किम् ? अधिका विंशतिर्गवाम्[3] ।

२१०–बहुव्रीहौ संख्येये डजबहुगणात् ॥ अ० ५ । ४ । ७३ ॥

[बहुगण को छोड़ कर] जो संख्येय में वर्त्तमान बहुव्रीहि उससे समासान्त डच् प्रत्यय हो। जैसे—उपदशाः । उपविंशाः । उपत्रिंशाः । आसन्नदशाः । अदूरदशाः । [अधिकदशाः] । [द्वित्राः] । संख्येय इति किम् ? चित्रगुः । शबलगुः । अबहुगणादिति किम् ? उपबहवः । उपगणाः[4] ।

---

१. अव्यय, आसन्न, अदूर, अधिक और संख्या ये शब्द [संख्येये] गणना करने अर्थ में वर्त्तमान जो [संख्यया] संख्या है उसके साथ समास पावें । और वह समास बहुव्रीहिसंज्ञक हो । अष्टा० भाष्य० ॥

२. [विंशानाममधिकाः अधिकविंशास्ते पुनरेकविंशादयः] ॥

३. विंशति शब्दोऽत्रसंख्यान एव वर्त्तते न तु संख्येये द्रव्ये । इति न्यासकारः ॥

४. ["उपगणाः" यहां डच् होने वा न होने पर भी रूप समान रहता है अतः इसका ज्ञान स्वर से होता है, अर्थात् डच् होने पर अन्तोदात्तत्व और न होने पर पूर्वपदप्रकृतिस्वर आद्युदात्त हो जाता है]।

२११–वा०–डच् प्रकरणे संख्यायास्तत्पुरुषस्योपसंख्यानं कर्त्तव्यं निस्त्रिंशाद्यर्थम् ।।

[डच् प्रकरण में संख्यान्त तत्पुरुष से समासान्त डच् प्रत्यय गृहीत हो, निस्त्रिंशादि शब्दों के साधनार्थ] । निर्गतानि त्रिंशतः । निस्त्रिंशानि वर्षाणि देवदत्तस्य । निश्चत्वारिंशानि यज्ञदत्तस्य । निर्गतस्त्रिंशताङ्गुलिभ्यो निस्त्रिंशः खड्गः ।

२१२–तत्र तेनेदमिति सरूपे ।। अ० २ । २ । २७ ।।

इदम् अर्थ में [अर्थात् कर्मव्यतिहार अर्थ में] सप्तम्यन्त सरूप और तृतीयान्त सरूप, सुबन्त के साथ समास पावे सो बहुव्रीहि हो[1] । [उदाहरण अगले सूत्र में देखें] ।

२१३–इच् कर्मव्यतिहारे ।। अ० ५ । ४ । १२७ ।।

कर्म के व्यतिहार अर्थ में जो बहुव्रीहि उससे समासान्त इच् प्रत्यय हो । और तिष्ठद्गुप्रभृति में इच् पढ़ा भी है इसलिये अव्यय जानना । केशेषु केशेषु गृहीत्वा इदं युद्धं प्रवृत्तं केशाकेशि । दण्डैर्दण्डैः प्रहृत्येदं युद्धं प्रवर्त्तते तत् दण्डादण्डि ।

२१४–अन्येषामपि दृश्यते ।। अ० ६ । ३ । १३७ ।।

जिस शब्द को दीर्घादेश विधान कहीं न किया हो उसको दीर्घत्व इस सूत्र से जानिये । केशाकेशि । दण्डादण्डि । इत्यादि ।

---

१. [तत्र] अर्थात् सप्तम्यन्त और [तेन] अर्थात् तृतीयान्त [सरूपे] समानरूप वाले जो दो दो पद हैं, वे [इदमिति] अर्थात् कर्मव्यतिहार अर्थ में परस्पर समास को प्राप्त हों । वह समास बहुव्रीहिसंज्ञक हो ।। सरूप ग्रहण इसलिये हैं कि "दण्डैश्च मुसलैश्चेदं युद्धं प्रवृत्तम्" यहां समास न हो । अष्टा० भाष्य० भा० १ पृ० २५६ ।।

२१५–द्विदण्ड्यादिभ्यश्च ।। अ० ५ । ४ । १२८ ।।

इच् प्रत्ययान्त द्विदण्डि, द्विमुसलि इत्यादि निपातन किये हैं।

२१६–तेन सहेति तुल्ययोगे[1] ।। अ० २ । २ । २८ ।।

तुल्य योग [एक क्रिया में योग होना तुल्ययोग कहाता है] अर्थ में सह शब्द तृतीयान्त सुबन्त के साथ समास पावे सो बहुव्रीहि हो।

२१७–वोपसर्जनस्य ।। अ० ६ । ३ । ८२ ।।

जो उपसर्जन अर्थ में वर्त्तमान [अर्थात् बहुव्रीह्यवयववाचक] सह शब्द उसको स आदेश विकल्प करके हो। पुत्रेण सहागतः पिता=सपुत्रः [यहां आगमन क्रिया में दोनों का तुल्ययोग है]। सहपुत्रः। सच्छात्र आचार्यः। सहच्छात्रो वा। सकर्मकरः। सहकर्मकरो वा। तुल्ययोग इति किम् ? सहैव दशभिः पुत्रैर्भारं वहति गर्दभी। उपसर्जनस्येति किम् ? सहकृत्वा। सहयुध्वा।

२१८–प्रकृत्याशिष्यगोवत्सहलेषु[2] ।। अ० ६ । ३ । ८३ ।।

आशीर्वाद अर्थ में उत्तरपद परे हो तो गो, वत्स और हल इनको वर्ज के सह शब्द प्रकृति करके रहे अर्थात् स आदेश न हो। स्वस्ति देवदत्ताय सह पुत्राय। सहच्छात्राय। सहामात्याय। आशिषीति किम् ? सानुगाय दस्यवे दण्डं दद्यात्। सहानुगाय वा। अगोवत्सहलेष्विति किम् ? स्वस्ति भवते सहगवे। सगवे। सहवत्साय। सवत्साय। सहहलाय। सहलाय। वोपसर्जनस्येति पक्षे भवत्येव समासः।

---

१. [महाभाष्य में यह सूत्र 'तत्र तेनेदमिति सरूपे' अ० २ । २ । ३७ के पूर्व पढ़ा है]।

२. 'प्रकृत्याशिषि' इति सूत्रम्। "अगोवत्सहलेष्विति भाष्यवार्त्तिकदर्शनात्सूत्रे केनचित्प्रक्षिप्तमिति कैयटः" ।। सं० ।।

२१९–समानस्य छन्दस्यमूर्द्धप्रभृत्युदर्केषु ।। अ० ६ । ३ । ८४ ।।

जो मूर्द्ध प्रभृति और उदर्क वर्जित उत्तर परे हो तो समान शब्द को स आदेश हो [छन्द विषय में] । अनुभ्राता सगर्भ्यः । अनुसखा सयूथ्यः । अमूर्द्धप्रभृत्युदर्केष्विति किम् ? समानमूर्द्धा । समानप्रभृतयः । समानोदर्काः ।

२२०–बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात् षच् ।।

अ० ५ । ४ । ११३ ।।

बहुव्रीहि समास में स्वाङ्गवाची सक्थि और अक्षि शब्द से समासान्त षच् प्रत्यय हो । जैसे—दीर्घसक्थः । कल्याणाक्षः । लोहिताक्षः । जो स्त्री हो तो षित् होने से ङीष् प्रत्यय होता । दीर्घसक्थी । कल्याणाक्षी । इत्यादि । बहुव्रीहाविति किम् ? परमसक्थि । परमाक्षि । सक्थ्यक्ष्णोरिति किम् ? दीर्घजानुः । सुबाहुः । स्वाङ्गादिति किम् । दीर्घसक्थिशकटम् । स्थूलाक्षिरिक्षुः ।

२२१–अङ्गुलेर्दारुणि ।। अ० ५ । ४ । ११४ ।।

दारु अर्थ में अङ्गुलि शब्दान्तबहुव्रीहि समास से समासान्त षच् प्रत्यय हो । द्वे अङ्गुली यस्य द्वयङ्गुलम् । त्र्यङ्गुलम् । चतुरङ्गुलं दारु । दारुणीति किम् ? पञ्चाङ्गुलिर्हस्तः ।

२२२–द्वित्रिभ्यां ष मूर्द्धनः ।। अ० ५ । ४ । ११५ ।।

द्वि और त्रि से परे मूर्द्धन् शब्द से बहुव्रीहि समास में समासान्त ष प्रत्यय हो । जैसे—द्विमूर्द्धः त्रिमूर्द्धः । द्वित्रिभ्यामिति किम् ? उच्चैर्मूर्द्धा ।

२२३–अप् पूरणीप्रमाण्योः ।। अ० ५ । ४ । ११६ ।।

जो पूरण प्रत्ययान्त और प्रमाणी शब्दान्त बहुव्रीहि उससे समासान्त अप् प्रत्यय हो । जैसे–कल्याणी पञ्चमी यासां रात्रीणाम् = ताः कल्याणीपञ्चमा रात्रयः । कल्याणीदशमा रात्रयः । स्त्रीप्रमाणी

येषां ते स्त्रीप्रमाणाः कुटुम्बिनः । भार्याप्रधाना इत्यर्थः ।

२२४–वा०—[अपि] प्रधानपूरणीग्रहणं कर्त्तव्यम् ।।

इह माभूत् । कल्याणी पञ्चमी अस्मिन् पक्षे कल्याणपञ्चमीकः ।

२२५–वा०—नेतुर्नक्षत्र उपसंख्यानम् ।।

(नक्षत्र अर्थ में वर्त्तमान जो नेतृ शब्द तदन्त बहुव्रीहि से समासान्त अप् प्रत्यय हो) मृगो नेता आसां रात्रीणां ता मृगनेत्रा रात्रयः । पुष्यनेत्राः । नक्षत्र इति किम् ? देवदत्तनेतृकाः ।

२२६–वा—छन्दसि च नेतुरुपसंख्यानम् ।।

विद्याधर्मनेत्रा देवा : । सोमनेत्राः ।

२२७–वा०—मासात् [भृति] प्रत्ययपूर्वपदात् ठञ् [ठञ्] विधिः ।।

(भृतिप्रत्यय पूर्वपद के जिसके उस मास शब्द बहुव्रीहि समास में ठच् विधि हो) पञ्चको मासोऽस्य पञ्चकमासिकः कर्मकारः । दशकमासिकः ।

२२८–अन्तर्बहिर्भ्यां च लोम्नः ।। अ० ५ । ४ । ११७ ।।

अन्तर और बहिस् शब्द से परे जो लोमन् शब्द तदन्त बहुव्रीहि से समासान्त अप् प्रत्यय हो । जैसे—अन्तर्गतानि लोमान्यस्यान्तर्लोमः प्रावारः । बहिर्गतानि लोमान्यस्य स बहिर्लोमः पटः ।

२२९–अञ् नासिकायाः संज्ञायां नसं चास्थूलात् ।।

अ० ५ । ४ । ११८ ।।

नासिकान्त बहुव्रीहि समास से अच् प्रत्यय हो और संज्ञा अर्थ में नासिका के स्थान में नस् आदेश हो [यदि स्थूल शब्द से परे नासिका न हो तो] । द्रुरिव नासिकाऽस्य द्रुणसः । बाध्रीणसः ।

गोनसः । संज्ञायामिति किम् ? तुङ्गनासिकः । अस्थूलादिति किम् ? अस्थूलनासिको वराहः ।

२३०–वा०—खुरखराभ्यां नस् वक्तव्यः[1] ॥

खुरणाः । खरणाः । पक्ष में अच् प्रत्यय भी इष्ट है । खुरणसः । खरणसः ।

२३१–उपसर्गाच्च ॥ अ० ५ । ४ । ११९ ॥

उपसर्ग से परे जो नासिका शब्द तदन्त बहुव्रीहि से समासान्त अच् प्रत्यय हो और नासिका को नस् आदेश भी हो । जैसे—उन्नता नासिका अस्य स उन्नसः । प्रगता नासिका अस्य प्रस्य प्रणसः ।

२३२–वा०–वेर्ग्रा वक्तव्यः ॥

विपूर्वक नासिका के स्थान में ग्र आदेश और अच् प्रत्यय भी हो । विगता नासिका अस्य स विग्रः ।

२३३–सुप्रातसुश्वसुदिवशारिकुक्षचतुरश्रैणीपदाजपदप्रोष्ठपदाः ॥

अ० ५ । ४ । १२० ॥

इसमें सुप्रात इत्यादि बहुव्रीहि समास और अच् प्रत्ययान्त निपातन किये हैं । जैसे—शोभनं प्रातरस्य=सुप्रातः । शोभनं

---

१. ऐसा ही पाठ काशिका में है ।
"खुरखराभ्यां वा नस्" १सा सि० कौमुदी में है ।
महाभाष्य में "खरखुराभ्यां च नस् वक्तव्यः", इस प्रकार पाठ है । और आगे "शितिना अर्चना अहिना इति नैगमाः" इससे शितिना: [शितिर्नासिकाऽस्य शितिनाः] अर्चनाः [अर्चा=प्रतिमा] [अर्चैव नासिकास्या अर्चनाः ।] । अहिनाः [अहिरिव नासिकास्याहिनाः] ये वैदिक शब्द सिद्ध किये हैं ॥ सं० ॥

श्वोऽस्य = सुश्वः । शोभनं दिवा अस्य = सुदिवः । शारिरिव कुक्षिरस्य = शारिकुक्षः । चतस्रोऽश्रयोऽस्य = स चतुरश्रः । एण्या इव पादावस्य = एणीपदः । अजस्येव पादावस्य = अजपदः । प्रोष्ठो गौस्तस्येव पादवस्य = प्रोष्ठपदः ।

२३४–नञ्दुःसुभ्यो हलिसक्थ्योरन्यतरस्याम् ।।

अ० ५ । ४ । १२१ ।।

नञ्, दुस् और सु इन से परे जो हलि और सक्थि तदन्त बहुव्रीहि से समासान्त अच् प्रत्यय विकल्प करके हो । जैसे—अविद्यमाना हलिरस्य अहलः । अहलिः । दुर्हलः । दुर्हलिः । सुहलः । सुहलिः । अविद्यमानं सक्थ्यस्य असक्थः । असक्थिः । दुःसक्थः । दुःसक्थि । सुसक्थः । सुकक्थिः ।

२३५–नित्यमसिच् प्रजामेधयोः ।। अ० ५ । ४ । १२२ ।।

नञ्, दुस् और सु से परे प्रजा और मेधा तदन्त बहुव्रीहि से नित्य ही समासान्त असिच् प्रत्यय हो । जैसे—अविद्यमाना प्रजाऽस्य = अप्रजाः । दुष्प्रजाः । सुप्रजाः । अविद्यमाना मेधाऽस्य = अमेधाः । दुर्मेधाः । सुमेधाः । नित्य ग्रहण इसलिये है कि पूर्वसूत्र के विकल्प से दो प्रयोग न हों ।

२३६–बहुप्रजाश्छन्दसि ।। अ० ५ । ४ । १२३ ।।

बहुप्रजाः । यह वेद में निपातन किया है ("बहुप्रजा निर्ऋतिरा विवेश" अथर्व० ९ । १० । १०) । छन्दसीति किम् ? बहुप्रजो ब्राह्मणः ।

२३७–धर्मादनिच् केवलात् ।। अ० ५ । ४ । १२३ ।।

केवल अर्थात् एक ही शब्द से परे जो धर्म शब्द उससे समासान्त अनिच् प्रत्यय हो । जैसे—कल्याणो धर्मोऽस्य कल्याणधर्मा । प्रियधर्मा । केवलादिति किम् । परमः स्वो धर्मोऽस्य = परमस्वधर्मः ।

२३८–जम्भासुहरिततृणसोमेभ्यः ।। अ० ५ । ४ । १२५ ।।

[बहुव्रीहि समास में] सु, हरित, तृण और सोम शब्द से परे यह जम्भा शब्द निपातन किया है, जम्भा नाम मुख्य दांतों का और खाने योग्य वस्तु का भी है। शोभनो जम्भोऽस्य सुजम्भा देवदत्तः। हरितजम्भा। तृणजम्भा। सोमजम्भा [दन्तवचने तृणमिव जम्भोऽस्य, सोम इव जम्मोऽस्येति विग्रहीतव्यम्। सुहरिततृणसोमेभ्य इति किम्? पतितजम्भः]।

२३९–दक्षिणेर्मा लुब्धयोगे । अ० ५ । ४ । १२६ ।।

दक्षिणेर्मा समासान्त निपातन किया है [ब० समास में] लुब्धयोग अर्थ में। लुब्ध नाम व्याध का है। दक्षिणेर्म व्रणमस्य दक्षिणेर्मा मृगः[1]। ईर्म व्रणमुच्यते। दक्षिणमङ्गं व्रणितमस्य व्याधेनेत्यर्थः। लुब्धयोग इति किम्? दक्षिणेर्म शकटम्।

२४०–प्रसंभ्यां जानुनोर्ज्ञुः ।। अ० ५ । ४ । १२९

प्र और सम् से परे जानु शब्द को समासान्त ज्ञ आदेश हो [बहुव्रीहि में]। जैसे—प्रकृष्टे संसृष्टे च जानुनी अस्य 'प्रज्ञुः, संज्ञुः'।

२४१–ऊर्ध्वाद् विभाषा ।। अ० ५ । ४ । १३० ।।

उर्ध्व शब्द से परे जानु शब्द को विकल्प करके ज्ञु आदेश हो [बहुव्रीहि में] जैसे—उर्ध्वे ज्ञानुनी अस्य = ऊर्ध्वज्ञुः। ऊर्ध्वजानुः।

२४२–ऊधसोऽनङ् ।। अ० ५ । २ । १३१ ।।

ऊधस्[2] शब्दान्त बहुव्रीहि को समासान्त अनङ् आदेश

---

१. जिस मृग के दक्षिण पार्श्व में वाण आदि से क्षत किया हो उसको दक्षिणेर्मा कहते हैं, क्योंकि ईर्म क्षत का नाम है।

२. थनों के ऊपर जो दूध का स्थान अर्थात् एन है उसको ऊधस् कहते हैं।

हो। जैसे—कुण्डमिवोधोऽस्याः=कुण्डोध्नी [बहुव्रीहेरुधसोङीष् अ० ४। १। २५ से ङीष्]। घटोध्नी गौः।

२४३—वा०—ऊधसोऽनङि स्त्रीग्रहणं कर्त्तव्यम्॥

[ऊधस् शब्दान्त बहुव्रीहि को समासान्त अनङ् आदेश हो स्त्रीलिङ्ग में अभिधेय हो तो] इह माभूत्। महोधाः पर्जन्यः। घटोधो धेनुकम्।

२४४—धनुषश्च॥ अ० ५। ४। १३२॥

धनुष् शब्दान्त बहुव्रीहि को अनङ् आदेश हो। जैसे—[1]शार्ङ्गं धनुरस्य=शार्ङ्गधन्वा। खाण्डीवधन्वा। पुष्पधन्वा। अधिज्यधन्वा।

२४५—वा संज्ञायाम्॥ अ० ५। ४। १३३॥

संज्ञाविषय में धनुः शब्दान्त बहुव्रीहि को विकल्प करके अनङ् आदेश हो। जैसे—[2]शतधनुः। शतधन्वा। दृढधनुः। दृढधन्वा।

२४६—जायाया निङ्॥ अ० ५। ४। १३४॥

जायान्त बहुव्रीहि को समासान्त निङ् आदेश हो। युवतिर्जायाऽस्य=युवजानिः। वृद्धजानिः।

२४७—गन्धस्येदुत्पूतिसुसुरभिभ्यः॥ अ० ५। ४। १३५॥

[बहुव्रीहि समास में] उत्, पूति, सु और सुरभि शब्दों से परे गन्ध शब्द को समासान्त इत् आदेश हो। उद्गतो गन्धोऽस्य=उद्गन्धिः। पूतिगन्धिः। सुगन्धिः। सुरभिगन्धिः। एतेभ्य इति किम्? तीव्रगन्धो वातः।

---

१. शार्ङ्ग आदि धनुष् के विशेष नाम हैं।

२. शतधनु आदि किसी पुरुष विशेष के नाम हैं।

२४८–वा०—गन्धस्येत्त्वे तदेकान्तग्रहणम् ।।

गन्ध शब्द को इत्त्व विधान में उसी का अवयव हो तो इत्त्व होता है, यहां नहीं होता[1] । शोभनो गन्धोऽय = सुगन्ध आपणः ।

२४९–अल्पाख्यायाम् ।। अ० ५ । ४ । १३६ ।।

अल्प अर्थ में वर्त्तमान बहुव्रीहि समासान्त गन्ध को इत् आदेश हो । जैसे—सूपोऽल्पोऽस्मिन् = सूपगन्धि भोजनम् । अल्पमस्मिन् भोजने घृतं = घृतगन्धि । क्षीरगन्धि । तैलगन्धि । दधिगन्धि । तक्रगन्धि । इत्यादि । [अल्पपर्यायो गन्धशब्दः] ।

२५०–उपमानाच्च ।। अ० ५ । ४ । १३७ ।।

उपमान वाची से परे गन्ध शब्द को इत् आदेश हो । पद्मस्येव गन्धोऽस्य = पद्मगन्धि । उत्पलस्पेव गन्धोऽस्य पुष्पस्य = तदुत्पलगन्धि करीषगन्धि । कुमदगन्धि ।

२५१–पादस्य लोपोऽहस्त्यादिभ्यः ।। अ० ५ । ४ । १३८ ।।

बहुव्रीहि समास में हस्ति आदि [गणपाठ सूत्र १५४ पठित] शब्दों को छोड़ के उपमान वाची शब्द से परे पाद शब्द के अकार लोप हो । व्याघ्रस्येव । पादावस्य शुनः = स व्याघ्रपात् । सिंहपात् । अहस्त्यादिभ्य इति किम् ? हस्तिपादः । कटोलपादः ।

२५२–कुम्भपदीषु च ।। अ० ५ । ४ । १३९ ।।

---

१. गन्ध शब्द सामान्य से गुण का नाम है सो जहां इस शब्द को द्रव्य की विवक्षा न हो वहीं इत् आदेश हो और जहां विशेष द्रव्य की विवक्ष में अन्य पदार्थ समास हो वहां इत् आदेश न हो । जैसे—सुगन्ध आपणः । सुन्दर गन्धयुक्त दुकान ।

कुम्भपदी आदि शब्दों में पाद शब्द के अकार का लोप निपातन से किया है। कुम्भपदी। शतपदी। अष्टापदी। इत्यादि।

२५३–संख्यासुपूर्वपदस्य च ॥ अ० ५। ४। १४०॥

बहुव्रीहि समास में संख्या और सु पूर्वक पद शब्द के अकार का लोप हो। द्वौ पादावस्य=द्विपात्। त्रिपात्। चतुष्पात्। शोभनौ पादावस्य=सुपात्।

२५४–वयसि दन्तस्य दतृ ॥ अ० ५। ४। १४१॥

संख्या और सुपूर्वक बहुव्रीहि समासान्त दन्त शब्द को दतृ आदेश हो [वयस् गम्यमान हो तो] द्वौ दन्तावस्य द्विदन्। त्रिदन्। चतुर्दन्। शोभना दन्ता अस्य=सुदन् कुमारः। वयसीति किम्? द्विदन्तो कुञ्जरः।

२५५–छन्दसि च ॥ अ० ५। ४। १४२॥

वेद में बहुव्रीहि समासान्त दन्त शब्द को दतृ आदेश हो। जैसे—पत्रदन् तमालभेत्। उभयदत आलभते।

२५६–स्त्रियां संज्ञायाम् ॥ अ० ५। ४। १४३॥

जहां स्त्री की संज्ञा करना हो [अर्थात् स्त्रीलिङ्ग में संज्ञा गम्यमान हो तो] वहां बहुव्रीहि समासान्त दन्त शब्द को दतृ आदेश हो। [अय इव दन्ता अस्या=] आयोदती। फालदती। संज्ञायामिति किम्? समदन्ती। स्निग्धदन्ती॥।

२५७–विभाषा श्यावारोकाभ्याम् ॥ अ० ५। ४। १४४

श्याव और अरोक शब्द से परे बहुव्रीहि समासान्त दन्त शब्द को विकल्प करके दतृ आदेश हो। श्यावा दन्ता अस्य=श्यावदन् श्यावदन्तः। अरोकदन्। अरोकदन्तः। अरोक नाम दीप्तिरहितः [रुच दीप्तावित्येतस्येतस्मात्]।

२५८–अग्रान्तशुद्धशुभ्रवृषवराहेभ्यश्च ।। अ० ५ । ४ । १४५ ।।

अग्रान्त शब्द, शुद्ध, शुभ्र, वृष और वराह इनसे परे बहुव्रीहि समासान्त दन्त शब्द को विकल्प करके दतृ आदेश हो । जैसे—कुड्मलाग्रमिव दन्ता अस्य=कुड्मलाग्रदन् । कुड्मलाग्रदन्तः । शुद्धदन् । शुद्धदन्तः । शुभ्रदन् । शुभ्रदन्तः । वृषदन् । वृषदन्तः । वराहदन् । वराहदन्तः ।[1]

२५९–ककुदस्यावस्थायां लोपः ।। अ० ५ । ४ । १४६ ।।

अवस्था अर्थ में वर्त्तमान बहुव्रीहि समासान्त ककुद शब्द के अन्त का लोप हो । [असञ्जातं ककुदमस्य=] असंजाताककुत् वत्सः । बाल इत्यर्थः । [पूर्णककुत् । मध्यमवया इत्यर्थः] । उन्नतककुत् । वृद्धवया वृष इत्यर्थः । स्थूलककुत् । बलवानित्यर्थः । [यष्टिककुत् । नातिस्थूलो नातिकृश इत्यर्थः] अवस्थायामिति किम् ? श्वेतककुदः ।

२६०–त्रिककुत् पर्वते ।। अ० ५ । ४ । १४७ ।।

पर्वत अर्थ में त्रिककुत् निपातन किया है । त्रीणि ककुदान्यस्य =त्रिककुत् पर्वतः] यह पर्वत विशेष की संज्ञा है] । पर्वत इति किम् ? विककुदोऽन्यः ।

२६१–उद्विभ्यां काकुदस्य ।। अ० ५ । ४ । १४८ ।।

उत् और विपूर्वक बहुव्रीहि समासान्त जो काकुद शब्द उसके अन्त का लोप हो । उद्गतं काकुदमस्य=उत्काकुत् । विकाकुत् । तालु काकुदमुच्यते ।

---

१. [अनुक्तसमुच्चयार्थश्चकारः । अहिदन् । अहिदन्तः । इत्याद्यन्येऽपि शब्दः काशिकायां द्रष्टव्याः] ।

समासान्त प्रत्यय

२६२–पूर्णाद्विभाषा ।। अ० ५ । ४ । १४९ ।।

पूर्ण शब्द से परे बहुव्रीहि समासान्त जो काकुद उसके अन्त का लोप विकल्प करके हो । पूर्णकाकुत् । पूर्णकाकुदः ।

२६३–सुहृददुर्हृदौ मित्रामित्रयोः ।। अ० ५ । ४ । १५० ।।

सुहृद् और दुर्हृद् निपातन [क्रमशः] मित्र और अमित्र अर्थों में किये हैं । शोभनं हृदयमस्य = सुहृन्मित्रम् । दुष्टं हृदयमस्य = दुर्हृदमित्रः । मित्रामित्रयोरिति किम् ? सुहृदयः कारुणिकः । दुर्हृदयश्चोरः ।

२६४–उरःप्रभृतिभ्यः कप् ।। अ० ५ । ४ । १५१ ।।

उरस् आदि शब्द [गणपाठ सूत्र १५६] जिसके अन्त में हों उस बहुव्रीहि समास से समासान्त कप् प्रत्यय हो । जैसे—व्यूढमुरोऽस्य = व्यूढोरस्कः । प्रियसर्पिष्कः । अवमुक्तोपानत्कः ।

२६५–इनः स्त्रियाम् ।। अ० ५ । ४ । १५२ ।।

इन् प्रत्ययान्त बहुव्रीहि समास से [स्त्रीलिङ्ग में] समासान्त कप् प्रत्यय हो । बहवो दण्डिनोऽस्यां शालायां = बहुदण्डिका शाला । बहुच्छात्रिका । बहुस्वामिका नगरी । बहुवाग्मिका सभा । स्त्रियामिति किम् ? बहुदण्डी[1] । बहुदण्डिको वा राजा ।

२६६–नद्यृतश्च ।। अ० ५ । ४ । १५३ ।।

नद्यन्त और ऋकारान्त बहुव्रीहि समास से कप् प्रत्यय हो । जैसे—बह्व्यः कुमार्योऽस्यां शालायां सा = बहुकुमारीका शाला ।

१. यहाँ शेषाद्विभाषा [अ० ५ । ४ । १५४ ।।] इस सूत्र से शेष अविहित समासान्त शब्दों से विकल्प करके कप् प्रत्यय हो जाता है ।

समासान्त प्रत्यय

ब्रह्मबन्धूको देशः । [ऋतः] बहवः कर्त्तारोऽस्य = बहुकर्तृको
ः ।

६७–न संज्ञायाम् ।। अ० ५ । ४ । १५५ ।।

बहुव्रीहि समास से संज्ञा विषय में समासान्त कप् प्रत्यय न
। विश्वं यशोऽस्य = स विश्वयशाः ।

६८–ईयसश्च ।। अ० ५ । ४ । १५६ ।।

ईयसन्त बहुव्रीहि समास से कप् प्रत्यय न हो । बहवः
यांसोऽस्य = बहुश्रेयान् । बह्व्यः श्रेयस्योऽस्य = बहुश्रेयसी ।
स्वत्वमपि न भवति । ईयसो बहुव्रीहौ पुंवदिति वचनात्[1] ।

६९–वन्दिते भ्रातुः ।। अ० ५ । ४ । १५७ ।।

प्रशंसा अर्थ में[2] भ्रातृशब्दान्त बहुव्रीहि से समासान्त कप्
त्यय न हो । शोभनो भ्राताऽस्य = सुभ्राता । वन्दित इति किम् ?
र्वभ्रातृकः । दुष्टभ्रातृकः ।

७०–ऋतश्छन्दसि ।। अ० ५ । ४ । १५८ ।।

वैदिक प्रयोग विषय में ऋकारान्त बहुव्रीहि समास से कप्
त्यय न हो । पण्डिता माताऽस्य = स पण्डितमाता । विद्वान्पिताऽस्य =

---

1. [वार्त्तिकमिदम् । महा० अ० १ पा० २ आ० २ ।। "यथा पुंवद्भावे सतीकारस्य ह्रस्वो न भवति, एवं ईयसः परस्य स्त्री प्रत्ययस्यापि न भवति" इति वार्त्तिकार्थः ।। अभिप्राय यह है कि 'गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य अ० १ । २ । ४८ ।।' से ह्रस्व प्राप्त था किन्तु "ईयसो बहु०" इस वार्त्तिक से न हुआ] ।
2. [वदि अभिवादनस्तुत्योः = नमस्कार और प्रशंसा । इस प्रकार वदि नमस्कार अर्थ में भी है किन्तु यहाँ स्तुत्यर्थक का ही ग्रहण है ।]

स विद्वत्पिता । विदुषी स्वसाऽस्य = स विद्वत्स्वसा । सुहोता ।

२७१–नाडीतन्त्र्योः स्वाङ्गे ।। अ० ५ । ४ । १५९ ।।

स्वाङ्गवाची नाडी और तन्त्री शब्दान्त बहुव्रीहि से समासान्त कप् प्रत्यय न हो । बह्व्यः नाड्योऽस्य = बहुनाडिः कायः । बहुतन्त्री ग्रीवा[1] [धमनीवचनस्तन्त्रीशब्दः] । स्वाङ्ग इति किम् ? बहुनाडीकः स्तम्भ । बहुतन्त्रीका वीणा ।

२७२–निष्प्रवाणिश्च ।। अ० ५ । ४ । १६० ।।

प्रवाणी [तन्तुवायशलाका] नाम कोरी की शलाई का है । निर्गता प्रवाणी यस्मात्स निष्प्रवाणिः पटः । निष्प्रवाणिः कम्बल [अपनीतशलाकः] । प्रत्यग्र [नवीन] इत्यर्थः ।

२७३–सप्तमीविशेषणे बहुव्रीहौ ।। अ० २ । २ । ३५

बहुव्रीहि समास में सप्तम्यन्त और विशेषण पद का पूर्वनिपात हो । सप्तमी । जैसे—कण्ठेकालः । उरसिलोमा । विशेषण चित्रगुः । शबलगुः ।

---

१. यहां "तन्त्री" शब्द को ह्रस्व न हुआ क्योंकि स्त्री अधिकार में जो प्रत्यय होते हैं उन्हीं को ह्रस्व होता है । महर्षि दयानन्द सरस्वतीजी महाराज ने अष्टाध्यायी भाष्य भाग १ पृष्ठ १३९ पर इसे स्पष्ट किया है, वे लिखते हैं:—"गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य" अ० १ । २ । ४८ ॥ अस्मिन् सूत्रे स्त्रीशब्द स्वरितस्य लिङ्गमस्ति । "स्त्रियाम्" [अ० ४ । १ । ३ ॥] इत्यधिकारे स्त्रीशब्दः स्वरितोऽस्ति । तेन स्व्यधिकारे ये प्रत्ययाः तेषामेव ह्रस्वो भवति । इह न भवति—अतितन्त्रीः । अतिलक्ष्मीः । अतिश्रीः । अत्रौणदिक ई—प्रत्ययः] ।" यही बात आगे सामासिक सूत्र ६३६ में भी स्पष्ट है ॥ सं० ॥

पूर्व-निपात

२७४--वा०—[बहुव्रीहौ] सर्वनामसंख्ययोरुपसंख्यानम्[1] ।।

[ब० स० में] सर्वनाम और संख्यावाची शब्दों का पूर्वनिपात हो । सर्वश्वेतः । सर्वकृष्णः द्विशुक्लः । द्विकृष्णः । विश्वदेवः[2] । विश्वयशाः । द्विपुत्रः । द्विभार्यः । अथ यत्र संख्यासर्वनाम्नोरेव बहुव्रीहिः कस्य तत्र पूर्वनिपातेन भवितव्यम् । परत्वात् संख्यायाः । द्व्यन्यः । त्र्यन्यः

२७५--वा०—वा प्रियस्य पूर्वनिपातो भवतीति वक्तव्यम् ।।

प्रिय शब्द का विकल्प करके पूर्व निपात हो[3] प्रियधर्मः । धर्मप्रियः । [प्रियगुडः । गुडप्रियः] ।

२८६--वा०—सप्तम्याः पूर्वनिपाते गड्वादिभ्यः परवचनम् ।।

बहुव्रीहि समास में सप्तम्यन्त शब्दों का पूर्वनिपात (सप्तमी विशे० [अ० २ । २ । ३५ ।।] सा० २७३] इस सूत्र से कर चुके हैं सो गडु आदि शब्दों में न हो अर्थात् परनिपात हो । जैसे—[कण्ठे गडुः =] गडुकण्ठः । गडुशिराः [क्वचिन्न-वहेगडुः] ।

२७७--निष्ठा ।। अ० २ । २ । ३६ ।।

निष्ठान्त शब्द [पद] का प्रयोग बहुव्रीहि समास में पूर्व

---

१. [यहाँ सर्वनाम और संख्यावाची शब्दों के विशेष्य होने से सा० सूत्र २७३ से इन्हें पूर्वनिपात प्राप्त न था इसलिये यह वार्तिक है] ।

२. ['विश्वं देवो यस्य' इति विग्रहः । महा० २ । २ । २ ।। में इस वार्त्तिक पर कैयट और नागेश का विवेचन द्रष्टव्य है] ।

३. [प्रिय शब्द के विशेषणवाची होने से सूत्र से नित्य पूर्वप्रयोग प्राप्त था उसका इससे विकल्प किया] ।

हो । अधीता विद्या येन=अधीतविद्याः । प्रक्षालितहस्तपादः कृतकटः । कृतधर्मः । कृतार्थः । संशितव्रतः ।

२७८–वा०–निष्ठायाः पूर्वनिपाते जातिकालसुखादिभ्यः परवचनम् ।।

जहाँ निष्ठान्त शब्दों [पदों] का पूर्वनिपात किया है वहाँ जातिवाची, कालवाची और सुखादि शब्दों का पूर्वनिपात न हो अर्थात् परप्रयोग किया जावे । जैसे—[जाति -] शार्ङ्गजग्धी[1] पलाण्डुभक्षिती । [काल—] मासजातः । संवत्सरजातः [सुखादि—] सुखजातः । दुःखजातः ।

२७९–आ०—प्रहरणार्थेभ्यश्च परे निष्ठासप्तम्यौ भवत इति वक्तव्यम् ।।

शस्त्रवाची शब्दों से परे निष्ठान्त और सप्तम्यन्त शब्द होने चाहिये [निष्ठान्त—] आसिरुद्यतो येन=असुद्यतः । मुसलोद्यतः । [सप्तम्यन्त-पाणौ दण्डोऽस्य=] दण्डपाणिः ।

२८०–वाऽऽहिताग्न्यादिषु ।। अ० २ । २ । ३७ ।।

बहुव्रीहि समास में आहिताग्नि इत्यादि शब्दों [गणपाठ सूत्र १७] से निष्ठान्त का पूर्वनिपात विकल्प करके हो । अग्निराहितो येन=अग्न्याहितः । आहिताग्निः । जातपुत्रः । पुत्रजातः । जातदन्तः । दन्तजातः । इत्यादि ।।

---

१. [प्रायः "सारङ्गजग्धी" ऐसा पाठ मिलता है । "सारङ्गो जग्धो यया सा इति । "सारङ्ग (शार्ङ्ग) 'पलाण्डु' जातिवाचक शब्दों से "जग्धी" "भक्षिती", निष्ठान्त का प्रयोग हुआ है] ।

अब इसके आगे द्वन्द्वसमास का प्रकरण है-

उभयपदार्थप्रधानो द्वन्द्वः[1] ॥

२८१--चार्थे द्वन्द्वः ॥ अ० २ । २ । २९ ॥

जो चकार के अर्थ में वर्त्तमान अनेक [अनेक की अनुवृत्ति आई है] सुबन्त के साथ समास पावें सो द्वन्द्वसंज्ञक समास हो। चकार के चार अर्थ हैं—समुच्चय । अन्वाचय । इतरेतर और समाहार। सो समुच्चय और अन्वाचय इन अर्थों में असमर्थ [अर्थात् अन्यपद के अध्याहार की अपेक्षा] होने से समास नहीं हो सकता और इतरेतर तथा समाहार अर्थों में द्वन्द्व समास हो, प्लक्षश्च न्यग्रोधश्च तौ=प्लक्षन्यग्रोधौ । धवश्च खदिरश्च पलाशश्च ते=धवखदिरपलाशाः ।

२८२--द्वन्द्वाच्चुदषहान्तात्समाहारे ॥ अ० ५ । ४ । १०६ ॥

जो द्वन्द्व समाहार अर्थ में वर्त्तमान हो तो चवर्गान्त, दान्त, पान्त और हान्त द्वन्द्व समास से समासान्त टच् प्रत्यय हो। जैसे—वाक् च त्वक् च सनयोः समाहारः=वाक्त्वचम् । स्रक्च त्वक् च=स्रक्त्वचम् । श्रीश्च स्रक् च=श्रीस्रजम् । इडूर्जम् । वागूर्जम् । समिधश्च दृषदश्च=समिद्दृषदम् । संपद्विपदम् । वाग्विप्रुषम् । छत्रोपानहम् । धेनुगोदुहम् । द्वन्द्वादिति किम् ? तत्पुरुषान् माभूत् । पञ्चवाचः समाहृताः=पञ्चवाक् । चुदषहान्तादिति किम् ? वाक्समित् [समाहार इति किम् ? प्रावृट्शरदौ] ।

---

१. द्वन्द्व समास में पूर्व-पर सब शब्दों के अर्थ प्रधान रहते हैं ।

२८३–उपसर्जनं पूर्वम् ।। अ० २।२।३०।।

सब समासों में उपसर्जनसंज्ञक का पूर्वप्रयोग करना चाहिये। कष्टं श्रितः=कष्टश्रितः। शङ्कुलाखण्डः, इत्यादि।

२८४–राजदन्तादिषु परम् ।। अ० २।२।३१।।

सब समासों में राजदन्त आदि शब्दों [गणपाठ सूत्र १६] का परे प्रयोग होता है। दन्तानां राजा=राजदन्तः। [वनस्य अग्रे] अग्रेवणम्। [निपातनादलुक्]। [पूर्वं वासितं पश्चल्लिप्तं=] लिप्तवासितम्।

२८५–द्वन्द्वे घि ।। अ० २।२।३२।।

द्वन्द्व समास में घिसंज्ञक शब्द [ह्रस्व इकारान्त उकारान्त शब्द] का पूर्वनिपात होता है पटुश्च गुप्तश्च=पटुगुप्तौ। ['द्वन्द्वे' इति किम्? पूर्ववायुः। यहाँ षष्ठी त० समास में घि-संज्ञक वायु शब्द का पूर्वनिपात न हुआ]।

२८६–वा०—अनेकप्राप्तावेकस्य नियमः शेषेत्वनियमः ।।

जहाँ अनेक घिसंज्ञकों का पूर्वनिपात प्राप्त हो वहाँ एक घिसंज्ञक पूर्व प्रयोक्तव्य है और जो शेष रहें उनमें कुछ नियम नहीं है। पङ्मृदुशुक्लाः। पटुशुक्लमृदवः।

२८७–वा०—ऋतुनक्षत्राणामानुपूर्व्येण समानाक्षराणां पूर्वनिपातो वक्तव्यः ।।

[बराबर अक्षर वाले] ऋतु और नक्षत्र जिस क्रम से पढ़े लिखे और समझे जाते हैं उनका उसी क्रम से पूर्व निपात होना चाहिये। [ऋतुवाची] जैसे—शिशिरवसन्तावुदगयनस्थौ। [नक्षत्रवाची—] कृत्तिकारोहिण्यः। चित्रास्वाती। [समानाक्षर ग्रहण इसलिये है कि

"ग्रीष्मवसन्तौ" यहाँ वसन्त और 'पुष्यपुनर्वसू' यहाँ पुनर्वसु शब्द का पूर्व निपात न हो।

२८८--वा०—अभ्यर्हितं पूर्वं निपततीति वक्तव्यम्[1] ।।

जहाँ पूर्वापर नियमपठित शब्द हों उन और जहाँ साध्य और साधनवाची शब्दों का समास किया जाय वहां पूर्वापर नियमित शब्द और साधन [?] वाची शब्दों का पूर्व निपात होता है। ऋग्यजुःसामाथर्वाणो वेदाः । इत्यादि । माता च पिता च मातापितरौ । श्रद्धाच मेधा च श्रद्धामेधे । दीक्षा च तपश्च दीक्षातपसी ।

२८९--वा०—लध्वक्षरं पूर्वं निपततीति वक्तव्यम् ।।

जिस पद में थोड़ी मात्रा हों उस पद का द्वन्द्वसमास में पूर्व निपात होता है। कुशाश्च काशाश्च=कुशकाशम् । शरचापम् । शरशादम् ।। अपर आह—

२९०--वा०—सर्वत एवाभ्यर्हितं पूर्वं निपततीति वक्तव्यम् ।। लध्वक्षरादपीति ।

किन्हीं आचार्यों का ऐसा मत है कि सब विधियों का अपवाद होके अभ्यर्हित [सबसे श्रेष्ठ] का ही पूर्वनिपात होना चाहिये। जैसे—दीक्षातपसी । श्रद्धातपसी[2] ।

२९१- वा०—वर्णानामानुपूर्व्येण पूर्वनिपातो भवतीति वक्तव्यम् ।।

---

१. "अभ्यर्हितं च" । सब प्रकार जो पूजनीय है, उस पद का द्वन्द्व समास में पूर्वप्रयोग हो। मातापितरौ । [श्वश्रूश्वसुरौ । श्रद्धामेधे ।] पिता की अपेक्षा माता अत्यन्त सेवा करने योग्य है इससे उसका पूर्व प्रयोग होता है । अ० भा० भाग १ पृ० २६४ ।।

२. तपसः फले दीक्षाश्रद्धे, तस्माच्छ्रेष्ठे । अ० भा० भाग १ पृ० २६३ ।।

ब्राह्मण आदि वर्णों का यथाक्रम पूर्वनिपात जानना चाहिये। ब्राह्मरक्षत्रियविट्शूद्राः।

२९२--वा०--भ्रातुश्च ज्यायसः पूर्वनिपातो भवतीति वक्तव्यम्॥

द्वन्द्व समास में बड़े भाई का पूर्वनिपात होता है। युधिष्ठिरार्जुनौ। रामलक्ष्मणौ।

२९३--वा०--संख्याया अल्पीयस्याः पूर्वनिपातो भवतीति वक्तव्यम्॥

द्वन्द्वसमास में अल्पसंख्यावाची शब्दों का पूर्वनिपात होता है। एकादशद्वादश [म्]। द्वित्राः। त्रिचतुराः। नवतिशतम्।

२९४--वा०--धर्मादिषूभयं पूर्वं निपततीति वक्तव्यम्॥

धर्म आदि शब्दों में दोनों पदों का पूर्वनिपात होता है। धर्मार्थौ। अर्थधर्मौ। कामार्थौ। अर्थकामौ। गुणवृद्धी। वृद्धिगुणौ। आद्यन्तौ। अन्तादी।

२९५--अजाद्यदन्तम्॥ अ० २। २। ३३॥

जिसके आदि में अच् और अकार अन्त में हो उस पद का पूर्व निपात होता है। उष्ट्रखरौ। ईशकेशवौ। इन्द्ररामौ। द्वन्द्वे अजाद्यदन्तं विप्रतिषेधेन[1]। जहाँ अजादि अदन्त और घिसंज्ञक का द्वन्द्व समास हो वहाँ अजादि अदन्त का पूर्वनिपात होता है। जैसे—इन्द्राग्नी इन्द्रवायू। तपरकरणं किम्? अश्ववृषौवृषाश्वे।

२९६--अल्पाच्तरम्[2]॥ अ० २। २। ३४॥

---

१. काशिका व कौमुदी में यह वार्त्तिकवत् पठित है॥ सं॥

२. [सामासिक के गत संस्करणों में "अल्पाच्तरम्" यह सूत्र ही नहीं है। जो कि द्वन्द्व समास प्रकरण में होना चाहिये था। इतना ही

थोड़े अच् वाला जो पद है उसका पूर्व प्रयोग करना चाहिये [जैसे—प्लक्षश्च न्यग्रोधश्च = प्लक्षन्यग्रोधौ]।

२९७—द्वन्द्वश्च प्राणितूर्य्यसेनाङ्गानाम् ॥ अ० २।४।२॥

प्राणि तूर्य[1] और सेना के अङ्गों का जो द्वन्द्वसमास सो एकवचन हो [द्विगुरेकवचनम् अ० २।४।१॥ इससे एक वचन की अनुवृत्ति आ रही है]। (प्राण्यङ्ग) पाणी च पादौ च = पाणिपादम्। शिरोग्रीवम्। (तूर्याङ्ग)—मार्दङ्गिकपाणिविकम्। वीणावादकपरिवादकम्। (सेनाङ्ग)—रथिकाश्वारोहम्। रथिकपादातम्।

२९८—अनुवादे चरणानाम् ॥ अ० २।४।३॥

अनुवाद[2] अर्थ में चरणवाची सुबन्तों का जो द्वन्द्व समास सो एकवचन होता है।

२९९—स्थेणोरद्यतन्यां चेति वक्तव्यम् ॥

जहाँ स्था और इण धातु का लुङ् [“अद्यतनी लुङ्” की संज्ञा है] लकार का प्रयोग हो वहाँ चरणवाची सुबन्तों का द्वन्द्व

नहीं अपि तु इस सूत्र के वार्त्तिक भी “द्वन्द्वे घि” सा० २८५ सूत्र पर पढ़ दिये गये हैं यह विपर्यास भी चिन्त्य है। निस्सन्देह व्याकरणसूर्य महर्षि के इस तथाकथित ग्रन्थ में पदे-पदे ऐसे स्खलनस्थल इस ग्रन्थ से उनका कितना नगण्य सम्बन्ध रहा होगा यही व्यक्त करते हैं। सम्प्रति इस सूत्र का समावेश हमने कोष्ठकों में यहाँ कर दिया है, पर वार्त्तिक यथापूर्व ही रहने दिये हैं]॥ सं०॥

१. ढोल आदि बाजों का यह नाम है।

२. अनुवाद उसे कहते हैं जो पूर्व कहे प्रसङ्ग को किसी प्रयोजन के लिये फिर कहना है।

एकवचन होता है। उदगात् कठकालापम् । प्रत्यष्ठात् कठकौथुमम् अनुवाद इति किम् ? उदगुः कठकालापाः । प्रत्यष्ठुः कठकौथुमाः स्थेणोरिति किम् ? अनन्दिषुः कठकालापाः । अद्यतन्यासिति किम् ? उद्यन्ति कठकालापाः । इस सूत्र में चरण शब्द उन लोगों का नाम है कि जो वेद की शाखाओं के निमित्त अर्थात् जिनके नाम से इस समय भी शाखा प्रसिद्ध हैं। जैसे—कठ । मुण्डक । चरक । सुश्रुत । इत्यादि ।

३००–अध्वर्युक्रतुरनपुंसकम् ।। अ० २ । ४ । ४ ।।

जो क्रतुवाची शब्द नपुंसक न हो तो अध्वर्यु नाम यजुर्वेद में विधान किये क्रतु नाम यज्ञवाची सुबन्तों का द्वन्द्वसमास एकवचन हो। जैसे—[अर्कश्च अश्वमेधश्च=] अर्काश्वमेधम्। [सायाह्नश्चातिरात्रश्चेति=] सायाह्नातिरात्रम्। अध्वर्युक्रतुरिति किम् ? इषुवज्रौ[1]। उद्भिद्बलिभिदौ । अनपुंसकमिति किम् ? राजसूयवाजपेये[2]। इह कस्मान्न भवति दर्शपौर्णमासौ । क्रतुशब्दः सोमयज्ञेषु रूढः[3] ।

१३१–अध्ययनतोऽविप्रकृष्टाख्यानाम् ।। अ० २ । ४ । ५ ।।

जिन ग्रन्थों का पठनपाठन अतिसमीप होता हो उन सुबन्तों का द्वन्द्वसमास एकवचन हो । पदकक्रमकम् । क्रमकवार्तिकम् ।

---

१. "इषुवज्रप्रभृतयोऽध्वर्युक्रतवो न सम्भवन्ति । नहि तेषामध्वर्युवेदे विधानम्। किन्तर्हि ? सामवेदे ।।" न्यासः ।।

२. "एतौ राजसूयवाजपेयशब्दौ पुंल्लिङ्गावपि स्तः । तत्र यदा नपुंसकलिङ्गौ प्रयुज्येते तत्रेदं प्रत्युदाहरणम् ।।" न्यासः ।।

३. "यत्र यत्र सोमपानं विहितं ते सोमयागाः । तेष्वेव क्रतुशब्दो रूढः । न च दर्शपौर्णमासौ सोमयागौ ।।" न्यासः ।।

अष्टाऽध्यायीमहाभाष्यम् । अध्ययनत इति किम् ? पितापुत्रौ । अविप्रकृष्टाख्यानामिति किम् ? याज्ञिकवैयाकरणौ ।

३०२-जातिरप्राणिनाम् ।। अ० २ । ४ । ६ ।।

प्राणिवर्जित जातिवाची सुबन्तों का द्वन्द्वसमास एकवचन हो । आराशस्त्रि । धानाशष्कुलि । शय्यासनम् । जातिरिति किम् ? नन्दकपाञ्चजन्यौ । अप्राणिनामिति किम् ? ब्रह्म—[ब्राह्मण] क्षत्रियविट्शूद्राः ।

३०३-विशिष्टलिङ्गो नदीदेशोऽग्रामाः ।। अ० २ । ४ । ७ ।।

भिन्न लिङ्ग नदी और भिन्न लिङ्ग देशवाची [देशावयववाची] सुबन्तों का द्वन्द्वसमास एकवचन हो ग्राम को छोड़ के । [नदी =] उद्धचश्च इरावती च = उद्धचेरावति । गङ्गा च शोणश्च = गङ्गाशोणम् । देश । कुरवश्च कुरुक्षेत्रं च = कुरुकुरुक्षेत्रम् । कुरुजाङ्गलम् । विशिष्टलिङ्ग इति किम् ? गङ्गायमुने । मद्रकेकयाः ।

३०४-वा०—अग्रामा इत्यत्र नगराणां प्रतिषेधो वक्तव्यः[1] ।।

---

१. [ग्राम में जिस कार्य का निषेध है वह कार्य नगर में भी नहीं किया जाता । जैसे—"अभक्ष्यो ग्राम्यकुक्कुटः" अथवा "अभक्ष्यो ग्राम्यशूकरः" अर्थात् ग्राम्य मुर्गा अथवा ग्राम्य सुअर अभक्ष्य है, इस कथन से नगर मुर्गा अथवा नगर सुअर भी भक्ष्य नहीं अपितु अभक्ष्य ही माने जाते हैं । इससे यह ज्ञापित होता है कि ग्राम शब्द से नगर का भी ग्रहण होता है । अतः उक्त सूत्र में "अग्रामाः" इस पाठ से नगर का भी जो प्रतिषेध प्राप्त था उस प्रतिषेध के प्रतिषेधार्थ यह वार्त्तिक है । अर्थात् नगरवाची शब्दों के द्वन्द्व में एकवद्भाव हो ।। "ग्रामप्रतिषेधे नगरप्रतिषेधः" ।। महाभाष्य में वार्त्तिक इस प्रकार है] ।। सं० ।।

जैसे ग्रामों के द्वन्द्व को एकवचन का निषेध है वैसे नगरों का न होना चाहिये। जैसे—मथुरापाटलिपुत्रम्।

३०५—वा०—उभयतश्च ग्रामाणां प्रतिषेधो वक्तव्यः ॥

उभयतः अर्थात् ग्राम और नगरों का अवयव जो द्वन्द्वसमास उसको एकवचन न हो। शौर्य्यं नाम नगरम्, केतवता नाम ग्रामः। शौर्यं च केतवता च=शौर्यकेतवते। जाम्बवं नगरम्, शालूकिनी ग्रामः। [जाम्बवं च शालूकिनी च=] जाम्बवशालूकिन्यौ।

३०६—क्षुद्रजन्तवः[1] ॥ अ० २। ४। ८ ॥

[सूक्ष्मात् सूक्ष्मान् जीवानारभ्य] नकुलपर्य्यन्ताः क्षुद्रजन्तवः। क्षुद्रजन्तुवाची सुबन्तों का जो द्वन्द्वसमास सो एकवचन हो, [दंशाश्च मशकाश्च=] दंशमशकम्। यूकामक्षिकमत्कुणम्। क्षुद्रजन्तव इति किम्? ब्राह्मणक्षत्रियौ।

३०७—येषां च विरोधः शाश्वतिकः ॥ अ० २। ४। ९ ॥

जिनका वैर नित्य हो तद्वाची सुबन्तों का द्वन्द्व एकवचन हो। [मार्जारश्च मूषकश्च=] मार्जारमूषकम्। अश्वमहिषम्। अहिनकुलम्। श्वशृगालम्। चकार ग्रहण का प्रयोजन यह है कि जब विभाषा वृक्षमृग० [सा० ३११] यह सूत्र प्राप्त हो और येषां च विरोधः० यह भी, तब नित्य ही एकवचन हो। अश्वमहिषम्। काकोलूकम्। शाश्वतिक इति किम्? [कुरुपाण्डवा युयुधिरे]। देवासुराः।

३०८—शूद्राणामनिरवसितानाम् ॥ अ० २। ४। १० ॥

---

१. "क्षुद्रजन्तुरनस्थिः स्यादथ वा क्षुद्र एव यः।
शतं वा प्रसृतौ येषां केचिदानकुलादपि ॥"
आनकुलादपीतीयमेव स्मृतिः प्रमाणमितरासां तद्विरोधादिति जयादित्यः ॥ सं० ॥

जिन शूद्रों के [आर्यसेवकों के] भोजन करे पीछे मांजे से भी शुद्ध न हों वे निरवसित कहाते हैं । [और जिनके पात्र संस्कार करने अर्थात् मांजने से शुद्ध हो सकते हैं वे अनिरवसित कहाते हैं] । अनिरवसित शूद्रों का द्वन्द्वसमास एकवचन हो । तक्षायस्कारम् । रजकतन्तुवायम् । अनिरवसितानामिति किम् ?[1] [चण्डालाश्च मृतपाश्च =] चण्डालमृतपाः ।

३०९–गवाश्वप्रभृतीनि च ।। अ० २ । ४ । ११ ।।

यहाँ गवाश्वम् इत्यादि शब्द [गणपाठ सूत्र २०] द्वन्द्वसमास में एकवचन निपात किये हैं । गवाश्वम् । गवाविकम् । गवैडकम् । अजाविकम् । अजैडकम् ।

३१०–वा०–गवाश्वप्रभृतिषु यथोच्चारितं द्वन्द्ववृत्तं द्रष्टव्यम् ।।

[यह निपातन कार्य गवाश्वप्रभृतिगण में जैसे शब्द पाणिनि जी ने पढ़े हैं, केवल उन्हीं में होता है] ।

रूपान्तरे तु नायं विधिर्भवतीति[2] । [गोऽश्वम्], गोऽश्वौ । पशुद्वन्द्वविभाषैव भवति ।

३११–विभाषा[3] वृक्षमृगतृणधान्यञ्जनपशुशकुन्यश्ववडवपूर्वापराधरोत्तराणाम् ।। अ० २ । ४ । १२ ।।

---

१. [मृतपाः को भाषा में 'डोम' कहते हैं ये भी चण्डाल सदृश ही होते हैं । ये श्मशान वा श्मशान के निकट रहते और मृतक के वस्त्र और चिताकाष्ठ का संग्रह कर जीविका चलाते हैं] ।

२. रूपान्तर अर्थात् जिस पक्ष में अवङ् आदेश नहीं होता, वहाँ यह एकवचन विधि नहीं होती । [किन्तु आगे के सूत्र से 'गोऽश्वं, गोऽश्वाः' ये दो प्रयोग बनेंगे] ।

३. इस सूत्र में प्राप्त, अप्राप्त उभय विभाषा है । जैसे वृक्ष तृण धान्य और व्यञ्जन शब्दों में प्राप्त विभाषा है, क्योंकि अप्राणि जातिवाची के होने

वृक्ष, मृग, तृण, धान्य, व्यञ्जन, पशु, शकुनि, अश्ववडव, पूर्वापर, अधरोत्तर, इन सुबन्तों का द्वन्द्वसमास परस्पर विकल्प करके एकवचन हो। (वृक्ष) प्लक्षन्यग्रोधम्। प्लक्षन्यग्रोधाः। (मृग) रुरुपृषतम् रुरुपृषताः। (तृण) कुशकाशम्। कुशकाशाः। (धान्य) व्रीहियवम्। व्रीहियवाः। (व्यञ्जन) दधिघृतम्। दधिघृते। (पशु) गोमहिषम्। गोमहिषाः (शकुनि) तित्तिरिकपिञ्जलम्। तित्तिरिकपिञ्जलाः। हंसचक्रवाकम्। हंसचक्रवाकाः। [अश्ववडव] अश्ववडवम्। अश्ववडवौ। [पूर्वापर। पूर्वापरम्। पूर्वापरे। [अधरोत्तर] अधरोत्तरम्। अधरोत्तरे।

३१२–वा०–बहुप्रकृतिः फलसेनावनस्पतिमृगशकुनिक्षुद्रजन्तुधान्यतृणानाम् ।।

[फलवाची, सेना के अवयव, वनस्पति अर्थात् वृक्षवाची, मृग शकुनि पक्षी], क्षुद्रजन्तु, धान्य और तृणवाची शब्दों के बहुवचन से द्वन्द्वसमास होके वि० से एकवद्भाव हो, और पक्ष में बहुवचन ही बना रहे]।

एषां बहुप्रकृतिरेव द्वन्द्व एकवद्भवति[1] । न द्विप्रकृतिः। बदरामलके। रथिकाश्वारोहौ। प्लक्षन्यग्रोधौ। रुरुपृषतौ। हंसचक्रवाकौ। यूकालिक्षे। व्रीहियवौ। कुशकाशौ।

से पूर्व सूत्र [सा० ३०२] से एकवद्भाव नित्य प्राप्त है इससे विकल्प हो गया। मृग और पशु आदि सब शब्दों में अप्राप्त विभाषा अर्थात् किसी सूत्र से एकवद्भाव प्राप्त नहीं था इससे विकल्प होकर एकवचन प्राप्त हो गया ।। महर्षिकृत अ० भाष्य के आधार से ।। सं० ।।

१. बहुप्रकृति अर्थात् जहाँ बहुवचनान्त शब्दों का द्वन्द्व हो वहीं एकवचन हो। (बदरामलके) यहाँ द्विवचनान्त के होने से एकवचन न हुआ।

३१३–विप्रतिषिद्धं चानधिकरणवाचि ।। अ० २ । ४ । १३ ॥

जो अद्रव्यवाची और परस्पर विरुद्धार्थ सुबन्तों का द्वन्द्व, वह एकवचन विकल्प करके हो । शीतोष्णम् । शीतोष्णे । सुखदुःखम् । सुखदुःखे । जीवितमरणम् । जीवितमरणे । विप्रतिषिद्धमिति किम् ? कामक्रोधौ । अनधिकरणवाचिनामिति किम् ? शीतोष्णे उदके [यहाँ द्रव्य [जल] के वाची होने से एकवद्भाव न हुआ] ।

३१४–न दधिपय आदीनि ।। अ० २ । ४ । १४ ॥

दधिपय आदि शब्दों [का] [गणपाठ सूत्र २१] द्वन्द्व एकवचन न हो दधि च पयश्च ते=दधिपयसी । सर्पिर्मधुनी । मधुसर्पिषी । ब्रह्मप्रजापती । शिववैश्रवणौ । इत्यादि ।

३१५–अधिकरणैतावत्त्वे च[1] ।। अ० २ । ४ । १५ ॥

अधिकरणवाची द्वन्द्व समास के एतावत्त्वनाम परिमाण अर्थ में एकवचन न हो । चतुस्त्रिंशद्दन्तोष्ठाः । दश मार्दङ्गिकपाणविकाः ।

३१६–विभाषा समीपे ।। अ० २ । ४ । १६ ॥

अधिकरण के एतावत्त्व के समीप अर्थ में [जो द्वन्द्व वह] एकवचन विकल्प करके हो । उपदश दन्तोष्ठम् । [यहाँ अधिकरणै-

---

१. 'न' की अनुवृत्ति आ रही है । अधिकरणे आधेयस्य एतावत्त्वं (इयत्ता=तोलनं=परिमाणं)=अधिकरणैतावत्त्वं, तस्मिन् अर्थात् अधिकरण में जहाँ आधेय का परिमाण करना हो वहाँ जो द्वन्द्वसमास है वह एकवत् न हो । जैसे—हस्तौ च पादौ च चत्वारो हस्तपादाः । घ्राणरसनचक्षुस्त्वक्श्रोत्राणि पञ्चेन्द्रियाणि । यहाँ प्राणि अङ्ग होने से नित्य प्राप्त एकवद्भाव का निषेध किया है । [महर्षिकृत अष्टा० भाष्य] ।

तावत्त्व दश संख्या है उसका समीपार्थ ९ वा ११] उपदशा दन्तोष्ठाः । उपदशं मार्दङ्गिकपाणविकम् । उपदशा मार्तङ्गिक-पाणविकाः ।

३१७–स नपुंसकम् ।। अ० २ । ४ । १७ ।।

जिस द्विगु और द्वन्द्व को एकवद्भाव विधान किया है सो नपुंसक लिङ्ग होता है । (द्विगु) पञ्चगवम् । दशगवम् । (द्वन्द्व) पाणिपादम् । शिरोग्रीवम् । इत्यादि ।

परपद का लिङ्ग [परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः । अ० २ । ४ । २६ ।। सा० ३३८ सूत्र से] प्राप्त हुआ था उसका अपवाद यह सूत्र है ।

३१८–अव्ययीभावश्च ।। अ० २ । ४ । १८ ।।[1]

अव्ययीभाव समास नपुंसक लिङ्ग हो । [पूर्वपदार्थप्रधान अव्ययीभाव में किसी लिङ्ग का निश्चय नहीं होता इसलिये यह सूत्र है । उपगु । अतिरि । इत्यादि, इन शब्दों में नपुंसक लिङ्ग होने से ह्रस्व हो गया] ।

३१९–वा०–पुण्यसुदिनाभ्यामह्नः क्लीबतेष्यते ।।

जैसे—पुण्यं च तदहश्च पुण्याहम् । सुदिनाहम् ।

३२०–वा०–पथः संख्याव्ययादेः क्लीबतेष्यते ।।

संख्या और अव्यय जिसके आदि में हों ऐसे पथिन् शब्द को नपुंसकलिङ्ग हो । त्रिपथम् । चतुष्पथम् । विपथम् । सुपथम् ।

३२१–वा०–क्रियाविशेषणानां च क्लीबता वक्तव्या ।।

मृदु पचति । शोभनं पचति ।

---

१. [यह सूत्र और आगे के तीनों वार्त्तिक प्रथम संस्करण में जो संवत् १९३८ वि० में छपा, उपलब्ध नहीं हैं । पीछे से मिलाये गये हैं और जिसने मिलाये उसने काशिका का अनुसरण किया यह भी स्पष्ट होता है] ।

[एकशेष द्वन्द्व]

३२२–[1] सरूपाणामेकशेष एकविभक्तौ ॥ अ० १ । २ । ६४ ॥

